खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग के पहले चरण का समापन

चर्चा में क्यों?

15 से 21 दिसंबर, 2021 तक नई दिल्ली के मेज़र ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में खेले गए खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर-21) का पहला चरण समाप्त हो गया। इसमें मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने 6 मैच खेले।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि महिला हॉकी लीग तीन चरणों में खेली जा रही है, जिसका पहला चरण 21 दिसंबर को समाप्त हुआ।
- पहले चरण का अंतिम मैच मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी और हरियाणा हॉकी अकादमी के बीच 1-1 से बराबरी पर खत्म हुआ। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने अब तक खेले गए छह मैचों में 22 गोल किये हैं। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के तीन मैच ड्रॉ रहे और अकादमी ने तीन मैच जीते।
- मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ग्रुप-बी में 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, वहीं हरियाणा हॉकी अकादमी 16 अंकों के साथ पहले स्थान पर है।
- गौरतलब है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स **(KIYG)**, पूर्व में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स **(KISG)**, भारत में जनवरी या फरवरी में दो श्रेणियों, अर्थात् अंडर-17 वर्ष के स्कूली छात्र और अंडर-21 वर्ष के कॉलेज के छात्र के लिये आयोजित होने वाले वार्षिक राष्ट्रीय स्तर के खेल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-phase-of-khelo-india-women-s-hockey-league-concludes